अप्रत्याशित के लिए तैयारी करें - अपने वित्त को व्यवस्थित करें

यदि आप घायल या अक्षम हो जाते हैं, तो आपके वित्तीय मामलों को व्यवस्थित रखने से आपके भरोसे के किसी व्यक्ति के लिए छोटी या लंबी अवधि के लिए आपके वित्त का प्रबंधन करने में मदद करना आसान हो जाएगा। एक फ़ाइल रखें जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और जानकारी शामिल हो।

वित्तीय संपत्ति

- अपने सभी बैंक खातों, निवेश खातों और क्रेडिट कार्डों की सूची बनाएं
- पते और संपर्क व्यक्ति
- नवीनतम अकाउंट स्टेटमेन्ट(टों) की एक प्रति

नियमित व्यय, भुगतान और ऋण

- अपने सभी नियमित बिलों (यूटिलिटीज़, बीमा प्रीमियमों, लॉन देखभाल सेवाओं आदि) और भुगतानों की आवृत्ति को सूचीबद्ध करें
- कोई भी स्वचालित कटौतियों/भुगतानों के लिए जानकारी
- अपने ऋणों (क्रेडिट कार्ड, मॉर्टगेज, लाइन ऑफ क्रेडिट या लोन) और प्रासंगिक जानकारी की सूची बनाएं

संपत्ति के दस्तावेज

- दस्तावेज़ों (वसीयत, पावर ऑफ अटॉर्नी, आदि) और वे कहां मिलेंगे की सूची बनाएं
- उन व्यक्तियों की संपर्क जानकारी जिन्होंने दस्तावेज़ तैयार किए हैं या जिन्हें वकील या एग्ज़ीकिउटर के रूप में नामित किया गया है

आमदनी के स्त्रोत

- अपनी आय के सभी स्त्रोतों (वार्षिकियों, पेंशनों, सरकारी लाभों, लाभांशों आदि) की सूची बनाएँ।
- शामिल करें कि दस्तावेजों को कहाँ फाइल किया है और संपर्क जानकारी

अन्य दस्तावेज़ और क़ीमती सामान

- पूर्व नियोजन व्यवस्था और समझौते
- बीमा पॉलिसियों - जीवन और संपत्ति - पॉलिसी नंबर और संपर्क जानकारी
- व्यक्तिगत दस्तावेजों जैसे पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह/तलाक प्रमाण पत्र, आपके घर के दस्तावेज़ों आदि की प्रतियां
- किसी भी क़ीमती सामान जैसे कला या गहनों का मूल्यांकन और वे कहां स्थित हैं
- सेफ्टी डिपॉजिट बॉक्स की लोकेशन और चाबी कहां से प्राप्त करनी है

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और ऑनलाइन अकाउन्ट

- इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और पासवर्डों की सूची
- सोशल मीडिया अकाउन्टों और पासवर्डों सहित ऑनलाइन अकाउन्टों की सूची

GetSmarterAboutMoney.ca पर और जानें

Ontario Securities Commission
20 Queen St. W., 22nd Floor, Toronto, Ontario M5H 3S8
Tel: 1-877-785-1555 **Email:** inquiries@osc.gov.on.ca